an>

Title: Need to set up Centres of Skill Development in Maharajganj Parliamentary Constituency, Bihar.

श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल (महाराजगंज) ः मेरे संसदीय निर्वाचन क्षेत्र महाराजगंज, बिहार राज्य के दो जिलों सारण और सीवान जिलान्तर्गत आता है। यह राज्य का एक अत्यंत पिछड़ा क्षेत्र है, किन्तु यहां हुनरमंद लोगों की कमी नहीं है। यहां के लोगों को विरासत में मिले परंपरागत हुनर प्राप्त हैं, जिनमें युवाओं की संख्या अधिक है। यह हुनरमंद लोग भांति-भांति की कलाओं से परिपूर्ण हैं और जगह-जगह अपनी कला का प्रदर्शन भी करते रहते हैं। लकड़ी एवं लोहे के सामानों, मिट्टी के बर्तनों, राज-मिस्त्री के रूप में मकानों पर उकेरी गई कलाकृतियां आदि विभिन्न कलाओं से परिपूर्ण यहां के लोगों की विशेषता है। ऐसे में भारत सरकार के स्किल इंडिया अवधारणा के सपनों के अनुरूप नई-नई तकनीक से इन लोगों के अंदर छुपे हुनर को बाहर निकाल कर निखारने एवं विकसित करने की महती आवश्यकता है। इस संबंध में मेरा आग्रह है कि मेरे संसदीय क्षेत्र अनुमंडल एवं प्रखंड मुख्यालयों, महाराजगंज, छपरा सदर के साथ मशरख, एकमा, मांझी, बनियापुर, तरैया, लहलादपुर, गोरियाकोठी, भगवानपुर, लकड़ीनवीगंज, इसुआपुर आदि स्थानों पर कौशल विकास केन्द्र स्थापित किए जाएं । ऐसे केन्द्र स्थापित होने से युवाओं के साथ-साथ अन्य लोगों के लिए भी रोजगार सृजन करने का अवसर मिलेगा। साथ ही, हमारी प्राचीन कलाओं को भी पुनर्जीवन मिलेगा और देश का गौरव भी बढ़ेगा।